# THE WEST BENGAL COUNCIL OF RABINDRA OPEN SCHOOLING

## UCHCHA MADHYAMIK PARIKSHA, 2023

## Hindi

## (New Syllabus)

**Time : 3 Hours 15 Minutes** **Full Marks : 80**

(First 15 Minutes for reading the question paper)

### (General Instructions for the Examinees)

Candidates should write their Name, Roll No. and Registration No. in their respective answer scripts.

First 15 Minutes are allotted for reading the question paper.

Answers should be in brief and to the point.

Write correct question no. against each answer.

Special credit will be given for answers which are brief and to the point.

Marks will be deducted for spelling mistakes, untidiness and bad handwriting.

In the right side the marks of questions are given.

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखिए (कोई *बारह*): 1×12=12

(a) ''जिसने स्वसंस्कार का विचार अपने मन में ठान लिया हो, उसे ऐसे प्राणियों का साथ नहीं करना चाहिए।''— पाठ का नाम लिखिए।

(क) जगदीश चन्द्र बसु (ख) जीवनी

(ग) पुरस्कार (घ) मित्रता

(b) ''तुम्हारी फाइल चल रही है, उम्मीद है कल तक फैसला हो जाएगा।''— कथन का वक्ता कौन है?

(क) लेखक (ख) दबा हुआ आदमी

(ग) माली (घ) इनमें से कोई नहीं

(c) 'इस संस्कृति के फैलाव का परिणाम क्या होगा?' — यहाँ किस 'संस्कृति' के बारे में कहा गया है?

(क) पश्चिमी संस्कृति (ख) भारतीय संस्कृति

(ग) उपभोक्तावाद की संस्कृति (घ) इनमें से कोई नहीं

(d) ''पहले कुँवर साहब के पाँव दबा।''— किसका कथन है?

(क) वीर (ख) ईश्वरी

(ग) धर्मराज (घ) महाराजा चाँगली

(e) 'मैं तो रामदीन बिसाती से यह गाड़ी मोल लाया हूँ।' — प्रस्तुत कथन के वक्ता कौन हैं?

(क) बाबू जयरामदास (ख) श्रीराम

(ग) हरिराम (घ) सुन्दरिया

(f) सुभा के पास क्या नहीं था?

(क) रूपया-पैसा (ख) वाणी

(ग) जमीन-जायदाद (घ) रूप

(g) 'बिना पढ़े जिन्दगी में कुछ मिलने वाला नहीं है।'— इस कथन के श्रोता कौन हैं?

(क) दिवाकर (ख) मनुज

(ग) नीरु (घ) कला

(h) ''आदमी बाहर जाकर खा ले, वह और बात है।'' — यहाँ क्या खाने की बात हो रही है?

(क) अण्डा (ख) फल

(ग) मछली (घ) चावल

(i) 'मन न फिरावै आंपणा, कहा फिरावै मोहि।' — 'आंपणा' का अर्थ है

(क) अपनों का (ख) आँगन

(ग) अपना (घ) अंग

(j) 'अंतहु तोहिं तजैंगे पामर! तू न तजै अबही ते — 'पामर' का अर्थ है

(क) पत्थर (ख) पापी

(ग) मूर्ख (घ) कपटी

(k) 'अरी वरुणा की शांत कछार' — 'वरुणा' क्या है?

(क) समुद्र (ख) नदी

(ग) हवा (घ) देवता

(l) 'बूढ़े पीपल ने आगे बढ़कर जुहार की'— कवि कौन है?

(क) सोहन लाल द्विवेदी (ख) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

(ग) हरिवंशराय बच्चन (घ) रसखान

(m) 'पाहन हौं तो वही गिरि को जो धरयो कर छत्र पुरन्दर धारन' — 'पुरन्दर' कौन है?

(क) कृष्ण (ख) राम

(ग) इन्द्र (घ) बलराम

(n) 'जो मादकता के मारे हैं, वे मधु लूटा ही करते हैं' — उक्त पंक्ति किस पाठ से है?

(क) अवकाश वाली सभ्यता (ख) सवैये

(ग) कबीर (घ) जो बीत गई सो बात गई

(o) 'पानी टपके कच्चे सकोरे, व्यर्थ प्रयास हो रहे मेरे' — यहाँ किस प्रयास की बात कही जा रही है?

(क) धन प्राप्ति की (ख) सम्मान की

(ग) ईश्वर प्राप्ति की (घ) इनमें से कोई नहीं

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए (अनधिक 20 – 25 शब्दों में) (कोई छ) : 2×6=12

(a) 'क्या आप भी चाहते हैं कि उसके आसपास आपकी एक वैसी ही मूर्ति खड़ी हो?' — यहाँ 'आप' कहकर किसे सम्बोधित किया गया है? यहाँ किस मूर्ति की ओर संकेत किया गया है?

(b) 'मैं आपसे शादी करना चाहती हूँ।' — कौन किससे शादी करना चाहता है और क्यों?

(c) ''उसके प्रत्येक वाक्य के साथ मानो मैं उस 'कल्पित वैभव' के समीपतर आता जाता था'' — वक्ता कौन है? 'कल्पित वैभव' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(d) ''इन्कम होती तो टैक्स होता! ..... भुखमरा था!''— पाठ का नाम लिखिए। 'भुखमरा' कौन था? और क्यों?

(e) 'इस उत्सव के परम्परागत नियम क्या है मंत्रीवर' — उक्त कथन के वक्ता कौन है? यहाँ किस परम्परागत नियम के बारे में कहा जा रहा है?

(f) 'पायेउँ नाम चारु चिंतामनि, उर कर तें न खसैहौं।' — पाठ और कवि का नाम लिखिए। 'चिंतामनि' क्या है?

(g) 'मनुष्य और किसी से नहीं, अपने आविष्कार से हारेगा'— मनुष्य अपने आविष्कार से कैसे हारेगा स्पष्ट कीजिए।

(h) 'छोड़कर जीवन के अतिवाद मध्य पथ से लो सुगति सुधार।' — 'मध्यपथ' के द्वारा कवि क्या कहना चाहते हैं?

(i) 'ज्ञानी है तो स्वयं को जान वही है साहिब से पहचान' — पाठ और लेखक का नाम लिखिए। 'साहिब' कहकर किसे सम्बोधित किया गया है?

(j) 'साधु ऐसा चाहिए, जैसा सूप सुभाय।' — 'सूप' का स्वभाव कैसा होता है? स्पष्ट कीजिए।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *नौ* प्रश्नों के उत्तर दीजिए (अनधिक 40 – 50 शब्दों में): 4×9=36

(a) 'कुसंग से नीति, व्यवहार तथा बुद्धि का क्षय होता है।'

(क) पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ख) उक्त पंक्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(b) 'अनन्तः इस संस्कृति के फैलाव का परिणाम क्या होगा? यह गम्भीर चिंता का विषय है।'

(क) यहाँ किस संस्कृति के फैलाव की बात की गई है?

(ख) गम्भीर चिंता का विषय वह क्यों है? स्पष्ट कीजिए।

(c) 'मतलब समाप्त हो गया। जो लिखना था, वह लिखा गया।'

(क) पाठ का नाम लिखिए।

(ख) पंक्ति की व्याख्या कीजिए।

(d) 'राजा राममोहन राय' की जीवनी पर प्रकाश डालिए।

(e) 'तीन वर्ष हुए देव। मेरी भूमि खेत के लिए ली गई थी।'

(क) 'मेरी' कहकर किसे सम्बोधित किया गया है?

(ख) पंक्तियों का भावार्थ लिखिए।

(f) 'शायद, यह दोष तुम्हारे नाम से उत्पन्न हुआ होगा।'

(क) पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ख) पंक्तियों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

(g) 'घर एक ऐसे माहौल का नाम है, घर एक थाई है।'

(क) यह कथन किसका है? और किससे कहा गया है?

(ख) उक्त अंश की व्याख्या कीजिए।

(h) 'नशा' शीर्षक कहानी के प्रमुख पात्र की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(i) ''तुम्हारा वह अभिनन्दन दिव्य और उस यश का विमल प्रचार।
सकल वसुधा को दे संदेश, धन्य होता है बारम्बार।''

(क) 'तुम्हारा' कहकर किसे संकेतित किया गया है? पाठ का नाम लिखिए।

(ख) पंक्तियों में निहित संदेश को लिखिए।

(j) 'जहाँ भवन की भित्ति रात दिन निज आँगन में
जग का करें न खंड, प्रेम हो प्रतिजन मन में'

(क) पाठ और कवि का नाम लिखिए।

(ख) पंक्तियों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

(k) पठित पाठ के आधार पर तुलसी की भक्ति भावना पर प्रकाश डालिए।

(l) 'आठहुँ सिद्धि नवौ निधि के सुख नंद की गाइ चराइ बिसारौं।'

(क) 'आठहुँ सिद्धि' और 'नवौ निधि' क्या है?

(ख) पंक्तियों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *चार* प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5×4=20

(a) हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

Female Education is essential for more than one reason. As mothers, woman play an important part in moulding the character of children. Educated mothers can train up their children on right line. The role of women in making a happy home is great. A cultured housewife is an asset to the family.

(b) 'पर्यावरण प्रदूषण से पीड़ित वर्तमान पीढ़ी'— इस विषय पर एक प्रतिवेदन लिखिए स्थानीय समाचार पत्र में छपने के लिए।

(c) साक्षरता आंदोलन में भाग लेने के लिए उत्साहित करते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।

(d) भाव पल्लवन कीजिए :

'अब पछताये होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत'

(e) किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए (अनधिक 150 – 200 शब्दों में) :

(क) मेरे प्रिय साहित्यकार

(ख) मीडिया के बढ़ते कदम

(ग) इन्टरनेट और हम

(f) निम्नलिखित अपठित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

''वह तोड़ती पत्थर
देखा उसे मैंने इलाहाबाद के पथ पर
वह तोड़ती पत्थर
कोई न छायादार
पेड़ वह जिसके तले बैठी हुई स्वीकार
श्याम तन, भर बँधा यौवन
नत नयन, प्रिय कर्मरत मन
गुरु हथौड़ा हाथ
करती बार बार प्रहार''

(क) इन पंक्तियों में कवि ने किसका वर्णन किया है?

(ख) कवि ने इलाहाबाद के पथ पर क्या देखा?

(ग) इन पंक्तियों में 'मैने' शब्द किसके लिए प्रयुक्त किया गया है?

(घ) वह युवती क्या कर रही थी?

(ङ) 'पेड़' तथा 'नयन' शब्द के एक-एक पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(g) संधि और समास में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(h) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(क) समास विग्रह कीजिए : चौराहा

(ख) 'निराधार' में कौन-सी संधि है?

(ग) कारक छांटिए — गोविन्द के सिर पर चोट लगी है।

(घ) उपसर्ग पृथक कीजिए — बेहद

(ङ) मुहावरे का अर्थ लिख कर वाक्य में प्रयोग कीजिए — तीर मारना।

---